Bharat Temples

हक़ से कहो श्याम मेरा है,
सब से कहो श्याम मेरा है,
नीले वाला मेरा है,
खाटू वाला मेरा है,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

तर्ज धीरे धीरे बोल कोई सुन न।

तेरा मेरा चक्कर झूठा छोड़,
शीश के दानी श्याम से रिश्ता जोड़,
ये दीवाना है मस्ताना है,
बाते इसकी बड़ी विशाल,
शरणागत का रखता ख्याल,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

देव ये हर युग कलयुग की सरकार,
हारे का साथी नीले असवार,
लीला धारी है दातारी है,
नाव ना अटके है कभी,
जय श्री श्याम कहते सभी,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

एक बार जो आके शरण अटके,
बीते जीवन श्याम श्याम रटते,
मीठे बोल है अनमोल है,
महिमा वो ही जानता है,
अपना जो इन्हे मानता है,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

पाया चोला जीवन प्यारा है,
दास महिंदर ये भव तारा है,
तेरा साथी है दिया बाती है,
प्रेम की ज्योति जलाये जा,
ज्योति से ज्योति पाए जा,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

हक़ से कहो श्याम मेरा है,
सब से कहो श्याम मेरा है,
नीले वाला मेरा है,
खाटू वाला मेरा है,
हक़ से कहो श्याम मेरा हैं,
सब से कहो श्याम मेरा है।।

Singer : Kemita Rathore

Source: https://www.bharattemples.com/hak-se-kaho-shyam-mera-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw